भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 892

गुरूवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)

बिहार राज्य में ईएसआई डिस्पेंसरी एवं अस्पताल के संबंध में

892. श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार राज्य के कितने जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) डिस्पेंसरी एवं अस्पताल है, जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों में बिहार में असंगठित क्षेत्र में लगे श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है जिनका उपचार ईएसआई डिस्पेंसरी और ईएसआईसी अस्पतालों द्वारा किया गया है; और

(ग) क्या सरकार का बिहार राज्य में और अधिक ईएसआईसी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): बिहार में चार कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल, सत्रह कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय और सात औषधालय-सह-शाखा कार्यालय (डीसीबीओ) हैं जो बिहार में ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं। इनमें से फुलवारीशरीफ में एक ईएसआई अस्पताल और बिहटा (पटना) में एक ईएसआई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सीधे कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा चलाए जा रहे हैं। शेष चिकित्सा सुविधाओं का प्रबंधन राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईएस) के अंतर्गत किया जाता है। ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, बिहार में ईएसआईसी अस्पतालों और ईएसआई औषधालयों में ईएसआई बीमित व्यक्तियों के अलावा कुल 3,96,956 व्यक्तियों का उपचार किया गया है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 100 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल और बेगूसराय जिले में 30 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल (जिसका 100 बिस्तरों तक उन्नयन किया जा सकता है) की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है।

* ******

अनुबंध

'बिहार राज्य में ईएसआई डिस्पेंसरी एवं अस्पताल' के संबंध में श्री सतीश चंद्र दूबे द्वारा पूछे गए दिनांक 27.07.2023 को उत्तर के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 892 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

बिहार में जिला-वार ईएसआई औषधालय/औषधालय-सह-शाखा कार्यालय (डीसीबीओ) और अस्पताल

क्र. सं.	जिला	चिकित्सा संस्थान
1.	आरा	डीसीबीओ, आरा
2.	बेगूसराय	डीसीबीओ, बेगुसराय
3.	बिहारशरीफ	i. डीसीबीओ, बिहारशरीफ
		ii. ईएसआई डिस्पेंसरी, बिहारशरीफ
4.	भागलपुर	i. डीसीबीओ,भागलपुर
		ii. ईएसआई डिस्पेंसरी, भागलपुर
		iii. ईएसआई डिस्पेंसरी, कहलगांव
5.	गया	i. डीसीबीओ, गया
		ii. ईएसआई डिस्पेंसरी, गया
6.	हाजीपुर	i. डीसीबीओ, हाजीपुर
		ii. ईएसआई डिस्पेंसरी, हाजीपुर
7.	कटिहार	ईएसआई डिस्पेंसरी, कटिहार
8.	मुंगेर	i. ईएसआई अस्पताल, मुंगेर (गैर-कार्यशील)
		ii. ईएसआई डिस्पेंसरी, मुंगेर
9.	मुजफ्फरपुर	ईएसआई डिस्पेंसरी, मुजफ्फरपुर
10.	पटना	i. ईएसआईसी मॉडल अस्पताल फुलवारीशरीफ।
		ii. ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा।
		iii. डीसीबीओ, पटना.
		iv. ईएसआई डिस्पेंसरी, दीघा
		v. ईएसआई डिस्पेंसरी, बिहटा
		vi. ईएसआई डिस्पेंसरी, जमालरोड
		vii. ईएसआई डिस्पेंसरी, हाथीदह
		viii. ईएसआई डिस्पेंसरी, पटना सिटी
		ix. ईएसआई डिस्पेंसरी, कंकड़बाग
		x. ईएसआई डिस्पेंसरी, श्रीकृष्ण नगर
11.	रोहतास	ईएसआईएस अस्पताल, डालमियानगर (गैर-कार्यशील)
		ईएसआई डिस्पेंसरी, बंजारी
12.	समस्तीपुर	ईएसआई डिस्पेंसरी, समस्तीपुर

******